# वाराणसी विकास प्राधिकरण , वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग ,पन्ना लाल पार्क ,वाराणसी-221002
फ़ोन: 0542-2280326 ईमेल: vdavaranasi@gmail.com

पत्रांक : /वि0प्रा0/सम्पत्ति/2025–26 दिनांक : ..........................

प्रभारी अधिकारी (विज्ञापन)

उपाध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 23.06.2025 के क्रम में दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउण्डेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेंध घाट पर निर्मित प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में किड्स गेम के संचालन हेतु 11 माह किरायेदारी पर नीलामी के माध्यम से आवंटित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क्रमाक | नीलामी हेतु चयनित स्थल | 11 माह की किरायेदारी हेतु न्यूनतम आरक्षित धनराशि | पंजीकरण धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | दशाश्वमेध प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में 100 वर्गमीटर स्थान | रू0 8,86,000.00 | रू0 88,600.00 |

उक्त नीलामी में आवेदको को प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण की तिथि दिनांक 08.07.2025 से 14.07.2024 तक नियत की गयी है। उक्त समयावधि में प्राप्त आवेदनो पर निर्णय नीलामी के माध्यम से प्राधिकरण सभागार में 15.07.2024 को अपरान्ह् 3.00 बजे लिया जायेगा।

अतः उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षित है कि सन्दर्भित नीलामी का व्यापक प्रचार प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे की नीलामी मे अधिकाधिक आवेदन पत्र प्राप्त हो सके।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभारी अधिकारी,
सम्पत्ति

पत्रांक : 522 /वि0प्रा0/सम्पत्ति/2025–26 दिनांक : 07-07-25

प्रातिलिपिः :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्री दिनेश सिंह (कम्प्यूटर प्रोग्रामर)।
2. श्री पियूष कुमार श्रीवास्तव (पी.आर.ई.)।
3. मैनेजर, द0क्षे0वि0फा0।

प्रभारी अधिकारी,
सम्पत्ति

# वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग, पन्ना लाल पार्क, वाराणसी - 221002

फोन न0. 0542-2280326, ईमेल : vdavaranasi@gmail.com


**दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउण्डेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेध घाट पर निर्मित प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में किड्स गेम के संचालन हेतु 11 माह की किरायेदारी पर नीलामी द्वारा स्थान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर :-**

| पंजीकरण तिथि<br>दिनांक 08.07.2025 से 14.07.2025 तक | नीलामी की तिथि 15.07.2025 अपरान्ह् 3:00 बजे<br>स्थल-प्राधिकरण सभागार |
|---|---|

दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउण्डेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेध घाट पर निर्मित प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में किड्स गेम (चार किड्स व्हकिल+जंपिग झूला) के संचालन हेतु रिक्त स्थान (100 वर्गमीटर) को 11 माह की किरायेदारी पर नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण कार्यालय के हेल्प-डेस्क पटल से निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित पंजीकरण शुल्क (जो नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में होगा) के साथ आवेदन पत्र प्राधिकरण के हेल्प-डेस्क पटल पर जमा कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट निदेशक, दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउण्डेशन, वाराणसी के नाम से देय होगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर पंजीकृत व्यक्तियों के मध्य नीलामी प्राधिकरण की सभागार में होगी। नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली की 25 प्रतिशत धनराशि दो कार्य दिवस में जमा करनी होगी एवं उच्चतम बोली की धनराशि के अतिरिक्त रू0 5,000.00 जमानत की धनराशि भी देय होगी। नीलामी की स्वीकृति की सूचना के एक माह के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करनी होगी। उपरोक्तानुसार नीलामी की स्वीकृत धनराशि जमा करने के पश्चात किरायदारी का एग्रीमेण्ट निष्पादन के उपरान्त किड्स गेम के संचालन हेतु स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। कब्जा पत्र जारी होने की तिथि से किड्स गेम का संचालन आरम्भ माना जायेगा। किसी भी नीलामी को चाहे वह उच्चतम बोली ही हो, उसे स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी में निहित होगा। अन्य शर्तो के सम्बन्ध में जानकारी दशाश्वमेध प्लाजा के नोटिस बोर्ड एवं प्राधिकरण की बेवसाइट www.vdavns.com एवं श्री दुर्गेश वर्मा सहायक मैनेजर (DADF) के मोबाईल नं0- 9580108323 पर प्राप्त की सकती है।

| क्रमाक | नीलामी हेतु चयनित स्थल | 11 माह की किरायेदारी हेतु न्यूनतम आरक्षित धनराशि | पंजीकरण धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | दशाश्वमेध प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में 100 वर्गमीटर स्थान | रू0 8,86,000.00 | रू0 88,600.00 |

प्रभारी अधिकारी,
सम्पत्ति

सचिव

उपाध्यक्ष